# जनपद पंचायत भवन के निर्माण के लिए भूमि आवंटित नहीं की



**खाचरौद।** खाचरौद में जनपद पंचायत भवन निर्माण के लिए विधिवत भूमि आवंटन नहीं हो जाता, तब तक वर्तमान में चल रहे तहसील भवन निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से रोकने तथा एक परिसर–एक प्रशासन नीति के अनुरूप जनपद पंचायत एवं तहसील की भूमि को समेकित कर शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 984 रकबा 1.4210 हेक्टेयर पर जनपद पंचायत व तहसील दोनों के नवीन भवनों का निर्माण करने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक महेश परमार, विधायक दिनेश जैन बोस, पूर्व विधायक दिलीपसिंह गुर्जर, जनपद अध्यक्ष पृथ्वीराजसिंह पंवार के नेतृत्व में चबूतरा चौराहा खाचरौद से न्याय यात्रा निकाल कर एसडीएम कार्यालय का घेराव कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम नेहा साहू को सौंपा।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष व विधायक महेश परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री बताया कि क्या मजबूरी है कि उनके गृह जिले में अधिकारी मुख्यमंत्री से भूमिपूजन तो करा लेते हैं। परंतु उनके भवन बनाने के लिए मनमानी करते हुए भूमि का आवंटन नहीं कर रहे है। सरकार कौनसी कुंभकर्णी की नींद सो रही है। अधिकारी किन भू–माफियाओं को लाभ पहुंचाने के लिए भूमि आवंटन में जानबूझकर देरी कर रहे हैं। अगर तत्काल जनपद पंचायत भवन निर्माण हेतू भूमि आवंटित नहीं की गई तो आगामी दिनों में कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा।जानकारी अनुसार पटवारी हल्का कस्बा खाचरौद की शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 984 रकबा 1.4210 हेक्टेयर भूमि जो नवीन तहसील भवन व जनपद पंचायत भवन की आवश्यकता अनुरूप पर्याप्त मात्रा में भूमि है। वर्तमान में जनपद व तहसील के समस्त कार्यालय उक्त भूमि पर स्थित हैं। दोनों कार्यालयों की भूमि को समेकित कर समान रूप से आवंटित किया जाना चाहिए।

शासन पूरे प्रदेश में सभी कार्यालय एक ही स्थान पर बनाना चाहता है। परंतु क्षेत्र में बड़ी विडांबना है कि प्रशासन द्वारा इसमें लापरवाही बरतते हुए जनपद को भूमि आवंटित नहीं की गई। वर्तमान तहसील स्थान पर ही ठेकेदार नवीन तहसील भवन का निर्माण प्रारंभ कर दिया गया है। जनपद अध्यक्ष पृथ्वीराजसिंह पंवार ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा 2 जनवरी 2026 को जनपद पंचायत भवन के भूमिपूजन के समय हमें खाचरौद से 4 किलोमीटर दूर भवन निर्माण के लिए भूमि दिखाई गई थी जब हमारे द्वारा उसका विरोध कर कहा था कि जहां वर्तमान भवन है वहीं नवीन बने। आज 5 माह से अधिक समय व्यतीत हो चुका है। परंतु अभी तक जनपद पंचायत भवन निर्माण हेतू भूमि उपलब्ध नही कराई गई है।

अध्यक्ष पंवार ने बताया कि जनपद पंचायत द्वारा वर्ष 2025 से लेकर अप्रैल 2026 तक कई बार पत्राचार कर भूमि आवंटन की मांग की गई। 25 मार्च 2026 को आयोजित साधारण सभा की बैठक में भी सर्वसम्मति से सर्वे क्रमांक 984 पर नवीन भवन निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया था परंतु फिर भी भूमि आवंटन नहीं किया गया।

## ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में आज बंद रहेंगी मेडिकल दुकानें

**तराना।** ऑनलाइन दवा विक्रय एवं अनियंत्रित ई–फार्मेसी संचालन के विरोध में आल इंडिया केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आव्हान पर 20 मई को देशव्यापी हड़ताल आयोजित की जा रही है। इस आंदोलन के समर्थन में तराना नगर की समस्त मेडिकल एवं दवा विक्रय की दुकानें पूर्णत: बंद रहेंगी। यह जानकारी नीरज खंडूजा द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि देशभर के लगभग 12 लाख 40 हजार केमिस्ट इस ऐतिहासिक आंदोलन को सफल बनाने हेतु पूर्ण एकजुटता के साथ कार्य कर रहे हैं। यह आंदोलन केवल व्यापारिक हितों तक सीमित नहीं है, बल्कि देश की करोड़ों जनता की स्वास्थ्य सुरक्षा, दवाओं की गुणवत्ता, मरीजों की गोपनीयता तथा नियंत्रित एवं जवाबदेह दवा व्यवस्था को सुरक्षित बनाए रखने का राष्ट्रीय अभियान है। एसोसिएशन की प्रमुख मांगों में अवैध एवं अनियंत्रित ई–फार्मेसी संचालन को बढ़ावा देने वाली अधिसूचना जीएसआर को तत्काल वापस लेने तथा डोर डिलीवरी अधिसूचना को निरस्त करने की मांग शामिल है। केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन तराना ने नगरवासियों से अपील की है कि वे 20 मई की आवश्यकता अनुसार अपनी दवाइयों की व्यवस्था पूर्व में ही कर लें तथा इस जनहित एवं स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़े आंदोलन को समर्थन प्रदान करें।

## एक नजर में

### वरिष्ठ समाजसेवी सतीश दुबे सम्मानित



**इंदौर/ देवास.** औदुम्बर ब्राह्मण समाज की पत्रिका औदुम्बर वाणी का वार्षिक समारोह श्री औदुम्बर महासभा भवन, देवास में आयोजित किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ अभिभाषक श्याम सुंदर शर्मा थे. विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी ओमप्रकाश पुराणिक इंदौर, डॉ. श्याम सुंदर चौधरी, अखिल भारतीय औदुम्बर ब्राह्मण महासंघ के अध्यक्ष प्रदीप जोशी, महासभा इंदौर के पूर्व अध्यक्ष आशुतोष शर्मा तथा महासंघ के महासचिव उमेश द्विवेदी उपस्थित रहे. कार्यक्रम की अध्यक्षता देवास महासभा के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने की. अतिथियों का स्वागत गजेंद्र चौधरी, प्रेमेंद्र दुबे, राजेंद्र जोशी एवं रक्षा चौधरी ने किया. स्वागत भाषण डॉ. श्याम सुंदर चौधरी ने दिया. समारोह में वरिष्ठ समाजसेवी सतीश दुबे को समाज के प्रतिष्ठित औदुम्बर वाणी सम्मान से सम्मानित किया गया. संचालन ओमप्रकाश चौधरी, भावेश कानूनगो एवं जगदीश कानूनगो ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. प्रदीप दुबे ने माना.

### मातृशक्ति को सम्मान देना ही सच्चा धर्म

**इंदौर.** आज के युग में गरिमापूर्ण और शांतिपूर्ण जीवन जीने के लिए धर्म सबसे अनिवार्य तत्व है. देवी भागवत में मृत्यु के भय से मुक्ति और श्रेष्ठ जीवन दर्शन के सन्देश निहित हैं. देवी भागवत का मूल सन्देश यही है कि संसार के हर एक जीव, विशेषकर मातृशक्ति में एक असीम दैवीय शक्ति विद्यमान है जिसे पहचानना और सम्मान देना ही सच्चे धर्म की स्थापना है। ये प्रेरक विचार हैं श्रुति सागर आश्रम फुलगांव पुणे की प्रख्यात आध्यात्मिक गुरुमाता स्थितप्रज्ञानंद सरस्वती के, जो उन्होंने साउथ तुकोगंज स्थित श्रीनाथ मंदिर संस्थान पर पुरुषोत्तम मास के पावन प्रसंग पर सोमवार से प्रारंभ हुए देवी भागवत ज्ञान यज्ञ के दिव्य आयोजन में उपस्थित देशभर से आए श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए. कथा शुभारंभ के पूर्व नाथ मंदिर संस्थान में भागवतजी की शोभा यात्रा भी निकाली गई. कथा में 22 और 23 मई को लोककल्याण की भावना से नवचंडी स्वाहाकार यज्ञ, शनिवार 23 मई को सुबह 9 बजे से कुमकुमार्चन विधि का अनुष्ठान भी होगा जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं शामिल होंगी. संस्थान के पदाधिकारियों ने जनता से इस आयोजन का पुण्य लाभ उठाने का आग्रह किया है.

### अग्रसेन क्रिकेट महालीग का शुभारंभ

**इंदौर.** अग्रसेन क्रिकेट क्लब की मेजबानी में स्कीम 140 पाथ ग्राउंड स्थित महाराजा अग्रसेन चौक पर 24 मई तक चलने वाले अग्रसेन क्रिकेट महालीग का शुभारंभ समाजसेवी टीकमचंद गर्ग, विष्णु बिंदल एवं संतोष गोयल के आतिथ्य में महाराजा अग्रसेन के चित्र पूजन के साथ हुआ. स्पर्धा में प्रतिदिन शाम 5 से रात 10 बजे तक दूधिया रोशनी में 16 टीमों के 144 खिलाडी अपने बल्ले और गेंद के जोहर दिखाकर आकर्षक पुरस्कार जीतेंगे. क्लब के प्रमुख परामर्शदाता गोविन्द सिंघल मामा, संजय बांकडा, राहुल गोयल बंटी ने बताया कि अग्रसेन महालीग के नाम से यह लगातार दूसरा आयोजन हो रहा है. पाथ ग्राउंड पर दर्शकों की सुविधा के लिए अनेक प्रबंध किए गए हैं. पहले दिन कई शानदार मुकाबले खेले गए. आयोजन से जुड़े प्रयोग गर्ग, राहुल गुप्ता, अनमोल अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, पिंकी–रवि अग्रवाल, सौरभ गोयल बालाजी एवं अंशुल अग्रवाल ने प्रारम्भ में अतिथियों का स्वागत किया.

### कन्हैया के भजनों ने बांधा समां, झूमे श्रद्धालु




**इंदौर.** शहर के सुभाष चौक स्थित राम भक्त हनुमान मंदिर परिसर में विधायक गोलू शुक्ला द्वारा आयोजित भव्य श्याम कीर्तन ने रविवार रात पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर दिया. भजन सम्राट कन्हैया मित्तल की मधुर प्रस्तुतियों ने ऐसा समा बांधा कि हजारों की संख्या में मौजूद श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में झूमते रहे. रात सवा दस बजे जैसे ही कन्हैया मित्तल मंच पर पहुंचे, पूरा परिसर जय श्री श्याम के जयघोष से गूंज उठा. विधायक गोलू शुक्ला ने संत जीतू गुरु का स्वागत किया, वहीं रुद्राक्ष शुक्ला द्वारा भजन सम्राट कन्हैया मित्तल का पुष्पमाला पहनाकर अभिनंदन किया गया. कीर्तन के दौरान हारा हूँ बाबा पर तुझपे भरोसा है, गजब मेरे खाटू वाले, श्याम की कृपा एवं बालाजी अच्छा लागे से जैसे प्रसिद्ध भजनों पर श्रद्धालु भाव–विभोर होकर झूम उठे। महिलाएं, युवा एवं बुजुर्ग सभी भक्तिरस में डूबे नजर आए। पूरा वातावरण जयकारों और भजनों से गुंजायमान हो उठा. इस अवसर पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मालिनी गौड़, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, जिला अध्यक्ष श्री श्रवण सिंह चावड़ा एवं श्री हरिनारायण यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. अतिथियों का स्वागत दीपेंद्र सिंह सोलंकी, शुभम सोनी एवं संदेश लड़ा द्वारा किया गया. कार्यक्रम का प्रभावी संचालन आशीष दानेज ने किया एवं अंत में आभार दीपेंद्र सिंह सोलंकी द्वारा व्यक्त किया गया.

# भागवत कथा में सिंधी समाज ने राष्ट्रहित में एक अनूठी पहल की

- **एक वर्ष तक नहीं खरीदेंगे सोना, पेट्रोल बचाने और विदेश यात्रा टालने की ली शपथ**
- **जीवाजीगंज स्थित संत लीलाशाह स्कूल में चल रही है सात दिवसीय कथा, अमरावती के संत डॉ. संतोष कुमार ने दिलाई प्रतिज्ञा**

**उज्जैन। पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर श्री सिंधु भाईबंध समाज कल्याण एवं उत्थान समिति द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में सिंधी समाज ने राष्ट्रहित में एक अनूठी पहल की है। कथा के दूसरे दिन अमरावती स्थित शिव धारा आश्रम के संत डॉ. संतोष कुमार के आव्हान पर समाजजनों ने राष्ट्रीय चुनौतियों का सामना करने के लिए पेट्रोल बचाने, एक वर्ष तक सोना नहीं खरीदने और विदेश यात्रा स्थगित करने की सामूहिक शपथ ली।**

समिति अध्यक्ष दौलत खेमचंदानी ने बताया कि यह आयोजन जीवाजीगंज थाने के सामने स्थित संत लीलाशाह कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में 17 से 23 मई तक प्रतिदिन शाम 4.30 से 7.30 बजे तक किया जा रहा है। कथा के दूसरे दिन संत डॉ. संतोष कुमार ने शिव–पार्वती विवाह, माता सती के जीवन और राजा दक्ष प्रजापति के प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया।

### इन्होंने किया स्वागत

कथा के दौरान विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, गजेंद्र सकलेचा, मुकेश भाटी, आनंद मीणा, सपना सांखला, ललित मीणा, अभिषेक लाला, किशोर मुलानी, शानू मेहता और रितेश जटिया ने संत श्री का स्वागत कर आशीर्वाद लिया। आयोजन समिति और समाज की ओर से सुरेश पुरुस्वानी, प्रकाश थानी, कमल मोटवानी, रीना मोटवानी, लीला राम चंदनानी, प्रेरणा विनोद पमनानी, संतोष तुलसियानी, दिव्या टहलवानी, मनोज आसवानी, लीजा चंदनानी, भगवान सेवाणी, चांदीराम जेठवानी, ताराचंद वासवानी और सोनिया नाथानी ने भी महाराज जी का आत्मीय स्वागत किया।




**भगवान देवनारायण की नौ दिवसीय कथा**

# कलश यात्रा के साथ आरंभ हुई



**घट्टिया।** महिदपुर तहसील के बड़े गांव जगोटी में भगवान देवनारायण की नौ दिवसीय कथा की शुरुआत कलश यात्रा के साथ हुई। श्री चैतन्य हनुमान मंदिर से आरंभ हुई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं व महिलाओं ने भाग लिया। यात्रा का गांव में जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। बालाजी परिसर में आयोजित कथा के प्रथम दिवस कथाकार पं. ईश्वर सिंह गुर्जर भगत ने भगवान श्री देवनारायण के पृकटोत्सव पर विस्तार से प्रकाश डाला। पोथी पूजा भगवान सिंह आंजना व श्याम प्रजापति द्वारा की गई। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु ठंडे पेयजल व गर्मी से बचाव हेतु सराहनीय व्यवस्था की गई।



# ब्राह्मण समाज धर्मशाला की बैठक आयोजित

**घट्टिया। औदिच्य ब्राह्मण समाज गोविंद माधव धर्मशाला की विशेष बैठक रविवार दोपहर पं. भगवती प्रसाद व्यास की अध्यक्षता में आयोजित की गई।**

बैठक में भोजन शाला के जीर्णोद्धार कार्य कर कोटा स्टोन पत्थर लगाने एवं रंगाई पुताई का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही धर्मशाला परिसर में पौधारोपण पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय औदिच्य महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में धर्मशाला के पूर्व अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा एवं पूर्व अध्यक्ष जगदीश नारायण त्रिवेदी को राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य मनोनीत होने पर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर मनोहर लाल पण्डिया, डॉ. बाबूलाल मेहता, पं. संतोष व्यास, लाल रामजी मेहता, जगदीश चंद्र ठक्कर, सुरेंद्र व्यास, सत्यनारायण त्रिवेदी, गणेश व्यास, जितेंद्र रावल, ओम प्रकाश रावल, मदन लाल पण्डया, भगवान सिंह, दरबार सिंह सहित अनेक समाजजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दिलीप मेहता डाबरी ने किया आभार धर्मशाला संगठन मंत्री डॉ. किशोर शर्मा ने माना।

**एक नजर** | **हवन पूजन कर विश्व शांति सुख समृद्धि की कामना की**

# चक्रतीर्थ श्मशान घाट पर 21 दिवसीय अष्टधूनी तपस्या का समापन

- **हवन–पूजन कर विश्व शांति एवं सुख–समृद्धि की कामना**

**उज्जैन।** भीषण गर्मी के बीच शिप्रा नदी के समीप स्थित चक्रतीर्थ श्मशान घाट पर आयोजित 21 दिवसीय अष्टधूनी तपस्या एवं यज्ञ का मंगलवार को विधि–विधान के साथ समापन हुआ। समापन अवसर पर हवन–पूजन कर विश्व शांति एवं सुख–समृद्धि की कामना की और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, साधु–संतों एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। इस दौरान खड़ेश्वरी अघोरी बाबा योगी बिष्णु नाथ महाराज का पुष्पमालाओं से स्वागत कर बाबा महाकाल से उन्हें शक्ति एवं दीर्घ साधना के लिए आशीर्वाद देने की कामना की गई। अघोर अखाड़ा एवं श्री सेनापति काल भैरव गौ सेवा संगठन, उज्जैन के तत्वावधान में आयोजित यह विशेष धार्मिक अनुष्ठान 29 अप्रैल से प्रारंभ होकर 19 मई तक चला। 21 दिनों तक चली दुर्लभ एवं कठोर अष्टधूनी तपस्या श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रही। भीषण गर्मी के बीच साधक अग्नि धूनियों के मध्य बैठकर एवं खड़े रहकर तप साधना करते रहे। रवि चौधरी ने बताया कि सनातन धर्म एवं गौ माता की रक्षा के संकल्प के साथ इस यज्ञ एवं तपस्या का आयोजन किया गया था। प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक साधक प्रचंड गर्मी के बीच कठोर साधना करते रहे। यह तपस्या खड़ेश्वरी अघोरी बाबा योगी बिष्णु नाथ महाराज एवं योगी सोमवार नाथ महाराज द्वारा की गई। चक्रतीर्थ श्मशान घाट स्थित तपोस्थली पर आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में देश–विदेश से पहुंचे साधु–संत, महंत एवं श्रद्धालुओं ने संतों का आशीर्वाद प्राप्त कर अघोर साधना के अद्भुत स्वरूप का अनुभव किया।

भीषण गर्मी के बीच गुरु महाराज द्वारा की गई कठिन तपस्या श्रद्धालुओं के लिए आस्था, श्रद्धा और आश्चर्य का विषय बनी रही। इस मौके पर निक्की टॉक, पं. धर्मेंद्र जोशी, गौरव गायकवाड, द्वारकाधीश, अचलनाथ, ऋषभ कुशवाह, मनीष जाटव, धीरज भावसार, राम सोनी, प्रदीप देशमुख, उमेश पाटिल, संजय पाटिल, आशीष राजौरिया, राजेश लाला सेन, जीतू दिल्ली, भरतजी, अरविंद सोनी आदि सेवा देने वाले लोग उपस्थित थे।

